## सार-समाचार

### दीपक जांगिड़ को पी.एच.डी. की उपाधि


दीपक जांगिड़

**जोधपुर**, (कासं)। एमबीएम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अभियांत्रिकी विभाग के शोधार्थी दीपक जांगिड़ को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। दीपक ने डॉ. आलोक सिंह गहलोत के मार्गदर्शन में डेवलपमेंट ऑफ एंबेडेड रियल टाइम फेस ऑक्लूजन डिटेक्शन सिस्टम डीप लर्निंग टेक्निक्स विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उल्लेखनीय है जांगिड ने कॉलेज स्तरीय पढाई व बीटेक में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र मिले

**रेवदर**, (निसं)। पंचायत समिति सभा भवन में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-2०25 में नये स्वीकृत आवास के लाभार्थीयो को स्वीकृति पत्र एंव पूर्ण आवासों के हितकारियो को गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम जगसीराम पूर्व विधायक राधिका बेन प्रधान महोदया उर्मिला देवी उप प्रधान महोदया एंव सरपचं ग्राम पंचायत रेवदर एंव विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन किये गये तथा लाभार्थियो को माला एंव स्वीकृति पत्र दिया गया। लाभार्थियो के गृह प्रवेश के लिए पूर्ण आवासों की चाबी सुपर्द की गई। विकास अधिकारी आवडदान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यो एंव समयबद्ध तरिके से प्राप्त होने वाली राशी आवास पूर्ण करने के बारे मे विस्तृत जानकारी उपस्थित लाभार्थियो को एंव जनप्रतिनिधयो दी गई। पंचायत समिति को प्राप्त 697 लक्ष्यो के विरूद्ध 65० स्वीकृति जारी कर दी गई है ग्राम पंचायतो को लक्ष्यो का आबटन कर दिया गया है। इसके बाद माननीय प्रधानमंत्री महोदय के भाषण का सीधा प्रसारण उपस्थित् जनप्रतिनिधियो एंव लाभार्थीयो द्वारा सुना गया। इस समारोह में अर्जुनराम जि०प०सदस्य मगनलाल कोली, जि०प० सदस्य जयसिह राव. अजबाराम सरपंच रेवदर द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये तथा प्रधानमंत्री के जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। प्रकाश देवासी ग्रा०वि०अधिकारी हनुमान प्रसाद अग्रवाल मुकेश जोशी भरत सिह अति. विकास अधिकारी अनिता चौहान, हरिश दवे, अशोक मेघवाल व.स. आदि उपस्थित रहे।

### बारहवीं साधारण सभा आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। आम बीमा सेवानिवृत्त कर्मचारी समिति की बारहवीं साधारण सभा पी सी जैन की अध्यक्षता में मंडोर जैन दादावाड़ी में संपन्न हुई। सभा को संबोधित करते हुए जनरल इंश्योरेंस पेंशनर्स ऑल इंडिया फैडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव उदय बैनर्जी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत सरकार जल्द ही आम बीमा कर्मियों की पारिवारिक पेंशन 15 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी कर देगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि वेतनमान संशोधन के समय पेंशन में भी यथावत बढ़ोतरी की जाएं। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उप महासचिव श्याम माथुर ने जिप्सा और बीमा कंपनियों से मांग की कि सेवानिवृत कर्मचारियों के मेडिक्लेम प्रीमियम में हर तीन साल बाद की जाने वाली बढ़ोतरी बंद की जाएं,क्योंकि सभी वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में है। राष्ट्रीय विधि सचिव अनिल भंडारी ने कहा कि एअर एंबुलेंस व्यय को अस्पताल भर्ती व्यय में शामिल माना जाएं,क्योंकि इसकी सुविधा अस्पताल के समकक्ष है। समिति के अध्यक्ष पी सी जैन ने जानकारी दी कि जोधपुर में जल्द ही हेल्थ इंश्योरेंस तृतीय पक्ष हिटपा का कार्यालय खुल जाने से मेडिक्लेम दावों का निपटान त्वरित गति से होगा।सभा की शुरुआत में उर्मिला भंडारी की टीम ने सरस्वती वन्दना की। समिति सचिव देवदत्त गज्जा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। सभा का संचालन घेवर चंद जैन ने किया।

### स्वच्छता अभियान चलाया

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी में मंगलवार सुबह 8 बजे शहर में स्थित अंबेडकर पार्क, अंबेडकर सर्किल और नागौर चौराहा पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में ये स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला प्रशासन अधिकारियों और स्वयंसेवकों और आमजनों के साथ फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने भी श्रमदान किया। कलेक्टर एच.एल अटल ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' थीम पर आज 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन हो रहा है। फलोदी में इस अभियान के तहत आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन द्वारा श्रमदान किया किया। इस दौरान कलेक्टर हरजीलाल अटल, विधायक पब्बाराम विश्नोई, नगर परिषद सभापति पन्नालाल व्यास, मोहन सिंह भाटी सहित नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आमजन सहित अन्य शामिल थे।

### गृह प्रवेश समारोह आयोजित

**सांचौर**, (कासं)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं शहरी के तहत वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित लक्ष्यानुसार पात्र परिवारों को स्वीकृति जारी कर प्रथम किशत जारी करने और वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में पूर्ण हुए आवासों के लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह के तहत मंगलवार को सांचौर नगर स्थित पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को श्रीफल, शॉल, आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड, सांचौर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार, एडिशनल एसपी सुरेश कुमार मेहारानियां, एसीईओ हनुमान राम बेनीवाल, तहसीलदार रायमल चौधरी, ब्लॉक विकास अधिकारी भंवरलाल जाखड, सहायक विकास अधिकारी मानसिंगाराम सोलंकी सहित अधिकारी कार्मिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

### गलथनी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

**सुमेरपुर**, (निसं)। सुमेरपुर पंचायत समिति के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गलथनी में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी बालुराम देवडा ने बताया कि स्वच्छता पखवाडा के दौरान ग्रामीणो द्वारा ग्राम पंचायत सहित ग्रामीण के भीतरी क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। वहीं सरंपच कैलाष कंवर केन्द्र सरकार की महत्वकांषी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के नवीन लाभार्थियों के साथ जिसने पूर्व में आवास पूर्ण कर लिए है। उन लाभार्थियो का पुश्पहार पहनाकर व सॉल ओढाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी देवडा ने आमजन से ग्रामीणो से गांव मे स्वच्छता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ उड्ढाने के लिए आगे आने की बात कही। साथ ही जिन नवीन पीएम आवास के लाभार्थियों को किष्त मिलने के बाद जल्द से जल्द आवास पूर्ण के लिए अपील की। इस मौके पर भुपेन्द्रसिंह गलथनी, ममता कुमारी, ज्योतिश कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं के रेडियम बेल्ट लगाए

**सायला**, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित गांवो मे युवा टीम की ओर से आवारा पशुओं से बढते सडक हादसों में कमी लाने के लिए सडको पर बैठने एवं घूमने वाले पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे है। टीम द्वारा शहर के पुराना बस स्टेण्ड, नए बस स्टेण्ड, शान्तिपुरा रोड, ओटवाला रोड, ओटवाला सहित गाँवो में सडको पर बैठने वाले गायों पर गले मे बेल्ट लगाए गए। इन दिनों आवारा पशुओं से सडक हादसे बढ गए है। जिसके चलते युवाओं द्वारा टीम से एवं मुहीम चलाकर ये कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जसवंतसिंह, रणजीत राठौड, नारायण देवासी, चिंटू राव, गणपत राव, हरसन मेघवाल, दिनेश कुमार चौधरी, डूगाराम माली, दिनेश भील, मोहन पटेल सहित कई युवा रात मे आवारा पशुओं के बेल्ट लगा रहे है। साथ है अभियान जारी है।

### हिन्दू सेवा मंडल ने राशन बांटा

**पाली**, (नि.सं.)। श्री हिन्दू सेवा मंडल द्वारा राशनकार्ड योजना के तहत डॉ एम एस लोढ़ा की अध्यक्षता में संस्थापक मोहनलाल मोदी के परिजनों राधाकिशन मोदी व संध्या मोदी के हाथों से जरुरतमंदों को राशन वितरित किया गया। प्रवक्ता देवराज शर्मा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गांधी, उपाध्यक्ष केवलचन्द कवाड़, छगनलाल सालेचा,अर्जुन सिंह भाटी, डॉ बंशीलाल शर्मा, केशर सिंह राजपुरोहित, कंवर लाल मंडोरा,अनिल गुप्ता ने वितरण कार्य में सहयोग किया। डॉ गोविंद नारायण अरोड़ा ने राशन कार्ड योजना के लाभार्थियों को मौसमी बिमारियों की जानकारी दी। समाजसेवी लखपतराज सिंघवी, ओमप्रकाश सोनी, व्यवस्थापक विजय नाथ, जेठूसिंह व बुद्धाराम ने सार्थक उपस्थिति दी।

# गली मोहल्लों में छाया उत्साह, गणपति प्रतिमा विसर्जित की


10 दिन तक गणपति बप्पा की पूजा अर्चना के बाद अनंत चतुर्दशी पर पाली शहर में श्रद्धालुओं ने लाखोटिया तालाब पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में आज गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना की डीजे और बैण्डबाजों की धुनों के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन किया।

गली मोहल्लों में गणपति बप्पा मोरिया.. अगले बरस तू जल्दी आ.. की स्वर लहरियों गाजे-बाजे के साथ प्रथम पूज्य गणपति को उत्साह के साथ विसर्जित किया गया। पूरा शहर ही डीजे के धूम-धड़ाके से गूंज रहा था। स्त्री पुरुष नाचते झूमते चल रहे थे। इसके साथ ही आज दस दिवसीय गणपति महोत्सव का समापन भी हो गया। गणपति को विदा करने के लिए छोटे बड़े सभी शामिल हुए।

शहर में गणेश चतुर्थी के दिन विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं और गली मौहल्लों के साथ घरों में अस्थायी रूप से स्थापित किये गये गणेश प्रतिमाओं का आज विसर्जन किया गया।

कई लोगों ने कल शाम के समय भी मुहुर्त अच्छा होने के कारण अपनी सुविधा अनुसार विसर्जित किया। सार्वजनिक तौर पर और विभिन्न संगठनों की ओर से चौराहों और बाजारों में स्थापित की गई प्रतिमा स्थल पर रात्रि जागरण के आयोजन भी किए गए।

### शिवसेना ने गाजे बाजे से किया विसर्जन

शहर में जालोरी गेट चौराहा पर शिवसेना की ओर से प्रतिवर्ष गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है और अनंत चतुर्दशी पर गुलाब सागर की ओर जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के प्रायोजकों और आयोजकों का स्वागत भी शिवसेना की ओर से किया गया।

आखिरी में शिवसेना की जालोरी गेट पर स्थित प्रतिमा का विसर्जन गुलाबसागर में गाजे बाजे के साथ आज किया गया।

### पुलिस का माकूल बंदोबस्त, यातायात व्यवस्था में बदलाव

गणेश प्रतिमा विसर्जन के समय पुलिस का माकूल बंदोबस्त रखा गया। शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस की ज्यादा तादाद के चलते सरोवरों और तालाबों के पास पुलिस का जाब्ता और पुलिस के तैराकों को भी किसी अनहोनी से बचाव के लिये तैनात किया गया। विसर्जन के चलते यातायात के लिये भी विशेष व्यवस्था की गई। बारह बजे के बाद जालोरी गेट की तरफ आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गो से निकासी करने के लिये यातायात को डायवर्ट भी किया गया।

चौपासनी रोड़ से पावटा जाने वाले सभी वाहन 5 वीं रोड़ से सरदारपुरा सी रोड़, तारघ्र मोड़, न्यू डीराएम खतनाकम पुलिया, रोटचरी चौराहा, रिपक्तिया भैरूजी चौराहे, जेडीए सर्कल भास्कर चौराहा रातानाड़ा पुलिस लाईन ताराचंद सर्कल के रास्ते निकाला गया।

जुलूस के दौरान जालोरी गेट से आडा बाजार की तरफ , हाथीराम का ओडा से घंटाघर रोड़ व आडा बाजार की तरफ जाने वाले मार्गो पर वाहनों की प्रवेश वर्जित रखा गया। लोर्डिंग टैक्सी, हाथ ठेलो को भी शहर में जुलूस के मार्गो के दौरान प्रतिबंधित किया गया। जालोरी गेट से नई सडक़ घंटाघर तक के बीच सभी प्रकार के वाहनों का भी आवागमन बाधित करने के साथ जुलूस नहीं होने पर वैकल्पिक रास्तों से यातायात को सुगम किया गया।

### सवा सौ प्रतिमाओं का निकाला जुलूस

**पाली**, (नि.सं.)। पिछले 10 दिन तक गणपति बप्पा की पूजा अर्चना के बाद आज अनंत चतुर्दशी पर शहर के करीब 150 से ज्यादा छोटी-मोटी प्रतिमा को ट्रैक्टर टेंपो में सजाकर गुलाल उड़ाते डीजे की धुन पर नाचते नासिक ढोल, झांझर धुन के बीच हजारों श्रद्धालु जुलूस के रूप में धान मंडी से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो सर्राफा बाजार, फतेहपुरिया बाजार पानी दरवाजा, अग्रसेन भवन होते हुए लाखोटिया तालाब के तीसरे हिस्से तक पहुंचे। जिसमें नागा बाबा की बगीची, सूरजपाल पुराना बस स्टैंड शिवाजी नगर, धोला चौतरा, कुमार का बास, पुराना बस स्टैंड मांड्या रोड घरवाला जाव, इंदिरा कॉलोनी बापू नगर शिवसेना गणपति, सभी इलाकों से लोग ट्रैक्टरों में लेकर नाचते गाते गणपति बप्पा मोरिया अबकी बरस तू जल्दी आ पहुंचे और वहां गणपति विसर्जन समिति की ओर से सभी प्रतिमाओं का तालाब के पानी में विसर्जन किया गया। देखने सैकड़ो लोग उमडे। पूरे मार्ग में पुलिस का माकुल प्रबंध था। विसर्जन कार्यक्रम दोपहर से देर रात तक चला। बंजारा युवा मंडल विसर्जन समिति के युवा कृत्रिम नाव बनाकर और टायर पर रखकर प्रतिमा का विसर्जन करते रहे।

# श्राद्ध पक्ष आरंभ, जल सरोवरों में किया तर्पण

**जोधपुर** , (कास) । भारतीय संस्कृति में दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की तृप्ति तथा उनके प्रति श्रद्धा से जुड़ा पर्व श्राद्ध मंगलवार को आरंभ हो गया। श्राद्ध पक्ष की शुरुआत इस बार अनंत चतुर्दशी के दिन मंगलवार से हुई है। आज प्रथम दिन पूर्णिमा का श्राद्ध मनाया गया। इस अवसर पर जलसरोवरों में पितरों का तर्पण किया गया। पितृपक्ष का समापन दो अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या पर होगा और 3 अक्टूबर को नान श्राद्ध के साथ नवरात्रा की शुरुआत भी होगी।

सनातन धर्म के अनुसार मनुष्य पर तीन ऋण होते हैं, जो देव, ऋषि व पितृ ऋ ण है। श्राद्ध पक्ष के दौरान पिंडदान व तर्पण करने से पितृ ऋण चुकाने का फल मिलता है। इस समय विधि विधान से उनका श्राद्ध कर्म कर पितरों से आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।

पंडितों ने बताया कि जो तिथि मध्याह्न काल में स्पर्श करती है उस दिन श्राद्ध निकालने का विधान है। पूर्णिमा का श्राद्ध मंगलवार को मनाया गया। बुधवार को प्रतिपदा का श्राद्ध किया जाएगा। इस बार के श्राद्ध पक्ष में तिथियों का भुगतभोग्य होने के कारण 27 को एकादशी और 29 को द्वादशी का श्राद्ध किया जाएगा।

गौरतलब है कि पितृ पक्ष में दिवंगत पूर्वजों की उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी मृत व्यक्ति की तिथि ज्ञात न हो तो ऐसी स्थिति में अमावस्या तिथि पर श्राद्ध किया जाता है। इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है।

मान्यता है कि भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक चलने वाले पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म और तर्पण करने से पितरों को शांति और मुक्ति मिलेगी। इस दौरान लोग अपने पितरों की शांति के लिए श्रद्धानुसार दान दक्षिणा देकर ब्राह्मण भोज करवाते है।

### रानीसर पदमसर में तर्पण की विशेष व्यवस्था

श्राद्ध के प्रथम दिन आज कई लोगों ने शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित रानीसर-पदमसर, कायलाना, मिनका नाडी, गुलाब सागर सहित अन्य जलसरोवरों पर तर्पण किया। यहां तर्पण की विशेष व्यवस्था की गई है। पितरों के तर्पण को लेकर बड़ी संख्या में यहां लोग पहुंचे।

शिवदत्त महाराज की तपोस्थली गड्डी में दत्तसरोवर पर गोपीकिशन बोड़ा व राजेन्द्र व्यास के आचार्यत्व में आज से तर्पण की व्यवस्था शुरू की गई।

इसमें प्रथम पारी सुबह 6.30 बजे, द्वितीय पारी सुबह 7.15 बजे व तृतीय पारी सुबह 8 बजे से तर्पण कराया जाएगा। आश्रम की ओर से दत्त सरोवर पर तर्पण के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहेगी।

### मांगलिक कार्यों पर रहेगा प्रतिबंध

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि पितरों के लिए समर्पित श्राद्ध पक्ष में कोई भी शुभ काम नहीं होता है। इस दौरान गृह प्रवेश, कानछेदन, मुंडन, शादी-विवाह नहीं कराए जाते हैं। इसके साथ ही इन दिनों में न कोई नया कपड़ा खरीदा जाता और न ही नया कपड़ा पहना जाता है। श्राद्ध पक्ष में पितरों के लिए हर दिन खाना निकाला जाता है। ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। कौवों व गायों को रोटी खिलाते हैं।

# राज्यपाल कटारिया ने शिलान्यास किया



पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने भामाशाह द्वारा निर्मित श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केंद्र संस्थान पाली में नया भवन व भोजन कक्ष का शिलान्यास किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने आज सोमवार को पाली जिले में भामाशाह द्वारा निर्मित श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केंद्र संस्थान पाली में नया भवन व भोजन कक्ष का शिलान्यास किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने कहा कि मानव को अपने जीवन का हिस्सा पर कल्याण व उपकार में लगाना चाहिये। मनुष्यों को अपना जीवन सादगी से जीना चाहिये अधिक धन है तो दिखावे की बजाय पर उपकार में लगाना चाहिये।

इस अवसर पर उन्होंने विधिवत् भवन व भोजन कक्ष का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने समारोह को सम्बोधित किया । इससे पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद पुष्प जैन व पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख , पूर्व सभापति , महेन्द्र बोहरा , आईजी पीएम शर्मा , जिला कलक्टर एलएन मंत्री ,पुलिस अधीक्षक ,चुनाराम जाट ,सुकनराज , भामाशाह एवं समाजसेवी अशोक कुमार , केवलचन्द आदि बडी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

### प्रियंका विश्नोई के उपचार मामले में जांच के आदेश

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर एसडीएम प्रियंका विश्नोई पिछले काफी दिनों से अहमदाबाद के सीम्स हॉस्पिटल में भर्ती है। उनकी तबीयत नाजुक बनी हुई है। अब कलेक्टर ने एसएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को पत्र लिखकर मामले में जांच करने का आदेश दिया है। जांच की रिपोर्ट अगले 3 दिन में देने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने 16 सितंबर को एसएन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को पत्र में वसुंधरा हॉस्पिटल में जोधपुर एसडीएम प्रियंका विश्नोई का इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप की जांच करने का आदेश दिया है। उन्होंने मामले में सीनियर डॉक्टरों की उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच करने का आदेश दिया है। तीन दिन में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। दरअसल एसडीएम को पेटदर्द की शिकायत पर वसुंधरा हॉस्पिटल में ऑपरेशन करवाया था। वहां आपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। नाजुक हालत को देखते हुए विश्नोई को अहमदाबाद के सिम्स हॉस्पिटल ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरती।

### कई गतिविधियां हुई

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान सरकार व शिक्षा विभाग के दिशा- निर्देशानुसार श्रीमती गलु बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पामेरा में किशोरी शैक्षिक उत्सव 2024- 25 का आयोजन किया गया।

विद्यालय के उत्सव सहप्रभारी जगदीश धारावत ने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रकार के पोस्टर्स, मॉडल्स व चार्ट्स तैयार किये।

# दो अलग-अलग मामलों में दो जने गिरफ्तार

**गुड़ामालानी**, (निसं)। पुलिस थाना गुडामालानी की बडी कार्यवाही पुलिस रेंज जोधपुर एवं पुलिस अधीक्षक बाडमेर नरेन्द्र सिंह के द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ शराब की धडपकड, नकबजनी,चौरी इत्यादि गैंग का खुलासा करने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन म्याउं-म्याउं के तहत 6.50 ग्राम स्मैक बरामद करने साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया ।

जसराम बोस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडमेर,सुखाराम विश्नोई वृताधिकारी वृत गुडामालानी, थानाधिकारी मुक्ता पारीक निरीक्षक पुलिस थाना गुडामालानी मय जाब्ता द्वारा मुलजिम मगाराम पुत्र पनाराम जाति मेगवाल निवासी गुन्देलपुरा पीपराली को दस्तयाब कर उसकी तलाशी लेने पर मुलजिम के कब्जा से अवैध 6.50 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसी तरह मुलजिम सोहनलाल व ओरसखान के कब्जा से स्कार्पियो वाहन ने कुल 61 कार्टन अवैध अग्रेजी शराब के बरामद कर प्रकरण आबकारी अधिनियम पुलिस थाना गुडामालानी में वांछित 5 हजार रूपये का ईनामी अपराधी जयकिशन पुत्र हरदानाराम जाति विश्नोई निवासी चारणीम पुलिस थाना चितलवाना जिला सांचौर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई । मुलजिम से अग्रिम अनुसंधान व पुछताछ की जा रही है। इस दौरान प्रहलाद राम, पूनमचंद, हकीम खा, पप्पूराम, चालक भंवराराम साथ रहे।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में युवाओ मे बढती नशाखोरी, नशे से समाज व परिवार पर पडने वाले दुष्प्रभाव के मध्य नजर पुलिस द्वारा नशाखोरी के उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के नोडल अधिकार नाजिम अली खान अंतरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान सैल बाडमेर के सुपरविजन मे जिले के समस्त वृताधिकारी व थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ रखने बेचने सेवन व निर्माण करने आदि लोगो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही एव ऐसे लोगो से पूछताछ करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस थाना धोरीमन्ना माणकराम थानाधिकारी पुलिस थाना धोरीमन्न मय टीम द्वारा कस्बा धोरीमन्ना में आरोपी परमेश्वर पुत्र ओमाराम जाति मेगवाल निवासी गुणेशाणियो की ढाणी धोरीमन्न को दस्तयाब कर उनके कब्जा से 5 ग्राम, 88 मि.ग्रा.स्मैक, एमडी जब्त करने मे सफलता हासिल की गई। पुलिस थाना धोरीमन्न पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मुलजिमान से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध मे पूछताछ व अगीरम अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस थाना गुडामालानी, मुक्ता,पारिक नि.पु.थाना अधिकारी पुलिस थाना गुडामालानी मय पुलिस टीम द्वारा सरहद पीपराली में आरोपी भगाराम पुत्र पनाराम जाति मेगवाल निवास पीपराली को दस्तयाब कर उसके कब्जा से 6 ग्राम, 51 मि.ग्रा.स्मैक बरामद करने मे सफलता हासिल की गई।

# मुख्यमंत्री ने जोशी की माताजी को दी श्रद्धांजलि

**जोधपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जोधपुर में सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्व. राधा देवी जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, राजेंद्र गहलोत, विधायक अतुल भंसाली सहित कई जने उपस्थित रहे।

# 777 गौवंशों का कई गौशालाओं में भिजवाया

**पाली**, (नि.सं.)। सड़कों पर विचरण कर रहे बेसहारा/निराश्रित गौवंशों से होने वाली जनहा.नि को रोकने के लिये संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार नगर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग तथा स्टेट हाईवे पर विचरण कर रहे निराश्रित/बेसहारा गौवंशों को नजदीकी गौशालाओं में स्थानान्तरित करने के अभियान के तहत 16 सितम्बर तक कुल 777 गौवंश विभिन्न गौश.ालाओं में स्थानान्तरित किये गये हैं।

संयुक्त निदेशक पशुपालन ,डॉ मनोज पंवार ने बताया कि श्री शनिधाम गौशाला निदेशक मां श्रृद्धा द्वारा दी गयी सूचना अनुसार श्री शनिधाम गौशाला सोडावास द्वारा अब तक अपने स्तर पर गौश.ाला कार्मिकों एवं ग्रामीणों के सहयोग से सोडावास के आस पास सड़क पर विचरण करने वाले 150 गौवंशों को शरण दी गयी हैं। श्री शनिधाम नंदीशाला, बागावास द्वारा अब तक 253 गौवंशों को शरण दी है। एनएचएआई द्वारा 88 गौवंशों को गौश.ाला में भिजवाया। नगर निगम पाली द्वारा 28 गौवंशों को गौशाला में भिजवाया गया एवं शेष 137 गौवंश गौशाला के स्वयं के स्तर से गौशाला में भिजवाये गये है।

नगर निगम द्वारा स्वयं के स्तर से शहर के विभिन्न भागों से अब तक कुल 242 गौवंशां को विभिन्न गौशालाओं में स्थानान्तरित किया गया हैं। श्री शिवनंदी गौशाला राजेन्द्र नगर पाली स्थित गौशाला में 103 गौवंशों को, श्री गौरक्षा समिति केशव नगर की बाईपास मानपुरा भाकरी पाली में स्थित गौशाला में 72 गौवंशों को, श्री पिंजरापोल गौशाला समिति पाली में 24 गौवंशों को तथा श्री शनिधाम नंदी गौशाला बागावास में 28 गौवंशो को एवं श्री संता जोधारामजी महाराज आश्रम गौशाला सेवा समिति दांतिवाड़ा में 15 गौवंशों को स्थानान्तरित किया गया हैं।

जोधपुर-पाली हाईवे टोल प्लाजा मैनेजर की रिपोर्ट अनुसार कुल 160 गौवंशों को विभिन्न गौशालाओं में स्थानान्तरित किया गया हैं। 80 गौवंश सिणगारी में, 20 गौवंश मोगड़ा गौशाला में, 34 गौवंश श्री कुबाजी महाराज गौशाला झींतड़ा गौशाला में, 26 गौवंश पाल रोड़ स्थित गौशाला में स्थानान्तरित किये।

संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग ने जानकारी देते हुएबताया कि निराश्रित/बेसहारा गौवंशों के राष्ट्रीय/ राज्य राजमार्गों एवं अन्य स्थानों से हटाकर गौशालाओं में भेजने की कार्रवाई व अभियान जारी रहेगा।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू

**जोधपुर**, (कास) । जोधपुर में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा की शुरूआत हुई। अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भाजपा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा कार्यों के साथ मनाया। इस दौरान सेवा पखवाड़ा का आगाज भी किया गया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके अलावा अस्पतालों में मरीजों को फल भी बांटे। भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार सेवा पखवाड़ा का आगाज किया। सेवा पखवाड़ा के तहत आज आज सुबह चिड़ियानाथजी का आश्रम कायलाना रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दूसरी तरफ डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान के वर्चुअल शुभारंभ को लाइव देखा गया। इसके पश्चात् उम्मेद हॉस्पिटल में फल वितरण किया एवं दोपहर में शुभ सवेरा संस्थान चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में बच्चों के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस मनाया गया।

# केंद्रीय स्कूल संगठन की हैंडबॉल प्रति. शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में केंद्रीय स्कूल संगठन की ओर से हो रही राष्ट्रीय स्तरीय 53 वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ केंद्रीय स्कूल एयरफोर्स एक में मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति देकर मन मोहा।

बता दे कि अंडर 14 और 17 वर्ग की इस प्रतियोगिता में केंद्रीय स्कूल की देशभर की स्कूलों के चयनित स्टूडेंट हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 46 मैच खेले जाएंगे जो केंद्रीय स्कूल एयरफोर्स 1 और 2 में होंगे। मंगलवार को उद्घाटन सत्र हुआ, जिसमें एमबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार शर्मा के मुख्य अतिथि में यह कार्यक्रम शुरू हुआ।

कार्यक्रम में एमबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

बता दे कि खिलाड़ियों में खेल प्रतिभाओं का विकास करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से हर साल खेल प्रतियोगिताएं होती है। जिनमें से हैंडबॉल प्रतियोगिता इस बार जोधपुर में होने जा रही है। इसके लिए स्कूल प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। इसमें देश भर के 25 संभागों से चयनित खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

17 से 21 सितंबर तक यह प्रतियोगिताएं चलेगी। प्रतियोगिता में पारदर्शिता रखने के उद्देश्य से राजस्थान हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बेतूल म.प्र.**

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये समंस
(आदेश 5 नियम 1 और 5)

प्रकरण क्र. RSHM-45/2022 पेशी दिनांक 23.10.2024

**अर्जिता मालवी** ....आवेदिका विरूद्ध **महेन्द्र कुमार** ....अनावेदक

प्रेषिती: महेन्द्र कुमार पिता श्री इंद्रमल सुधार, पता-ग्राम चांदना थाना सियाणा जिला जालौर राजस्थान 343024

आवेदिका अर्जिता मालवी पति श्री महेन्द्र कुमार सुधार, उम्र-29 वर्ष, निवासी-चंद्रशेखर वार्ड 132 केवी सब स्टेशन के पीछे सदर बैतूल तह जिला बैतूल म. प्र. ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 12(1)(ग) हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 का प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 23.10.2024 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिस सम्यक अनुदेश दिए हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपको कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसा दस्तावेज की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें)।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 02.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर

**अजय सिंह**
प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बैतूल

# जसोलधाम के राणी भटियाणीसा मंदिर में रात्रि जागरण में भोर तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु



भाद्रपद त्रयोदशी की उजियारी रात में रावल किशन सिंह जसोल के मार्गदर्शन में रात्रि जागरण किया। फोटो-राष्ट्रदूत



राणी भटियाणीसा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। भाद्रपद त्रयोदशी की उजियारी रात में संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल के मार्गदर्शन में मां माजीसा की ज्योत के साथ जसोलधाम में शुरू हुआ रात्रि जागरण जो चौदस की प्रभात वेला तक अनवरत जारी रहा।

रात्रि जागरण में हजारों श्रद्धालु मन्दिर परिसर में बैठ जसोल माँ की आराधना करते हुए झूम उठे। भजन गायक श्याम पालीवाल ने गजानंद वंदना, गुरु वंदना की प्रस्तुति के साथ रात्रि जागरण का आगाज किया। भजन गायक श्याम पालीवाल ने घट घट में बिराजो माजीसा, मायड मोतियां वाली, तेरस री रात माजीसा आज थाने जाणो है, माजीसा भक्तों रे बुलाया वेगा आइजो, मेहंदी माजीसा रे मन भाय के गुणगान से समूचे वातवरण को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। उसके बाद लोक गायक जसु खान ने माँ के रात्रि जागरण में आवी पधारो म्हारा माजीसा, माजीसा कठे रे सोया रे सुख भरी नींद में, मोरुडा जसोल गढ में बोल्यो रे भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही भजन गायक विष्णु प्रजापत एवं कुटले खाँ ने अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को रूबरू करवाया। और स्थानीय भजनी हेमाराम मेघवंशी व तेजाराम दमामी ने भी राति जोगा में अपनी प्रस्तुति दी।

सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल, शेरगढ विधायक बाबुसिंह राठौड, न्यायाधीश नीलमबंद सांखला, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वरसिंह चौहान, संस्थान समिति सदस्य गुलाबसिंह हंडाली, कुं. हरिश्चंद्रसिंह जसोल व हहवंतसिंह बुडीवाडा, सुमेरसिंह वरिया, नारायणसिंह, भूपतसिंह, जोगसिंह असाडा, जितेंद्रसिंह, जगदीश सिंह, विक्रमसिंह डंडाली, सुमेरसिंह डाभड, गुमानसिंह मेवानगर, वीपीसिंह डांबर, उमेश चौधरी दुदुवा, राकेश परिहार बालोतरा, हेमाराम, देवेंद्र कुमार माली जसोल सहित जसोल मां के अनन्य भक्तगण मौजूद रहे। मंच संचालन राजू माली बालोतरा ने किया

अन्नपूर्णा प्रसादम लाभ मंदिर संस्थान द्वारा शुरू की गई अन्न पूर्णा प्रसादम लाभ योजना के तहत भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को भोजन प्रसादी (अन्नपूर्णा प्रसादम) का लाभ राणूमल पुत्र प्रबूमल चौधरी निवासी-अमरकोट, राज्य-सिंध (पाकिस्तान) ने लिया।

### आरती में गूंजे मां के जयकारे

ढोलों की धमक, थाली की टैंकन, नगाड़ों की सुरली ताल व गेरियों की दमक के साथ जब जसोल मां की आरती उतारी गई तो सारा जंहा को देखने लायक था। आरती में मौजूद श्रद्धालुओं के जयकारों से मन्दिर गुंजयमान रहा।

जसोलधाम में दर्शनों को लेकर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की आस्थाओं होती है। उसी के चलते त्रयोदशी पर माँ राणीसा भटियाणीसा के दर्शनों बाद उनके नाम का रात्रि जागरण दिया जाता है। राति जागरण का आयोजन जसोल मन्दिर परिसर में नहीं होने के चलते श्रद्धालुओं को हर बार परेशानी होती थी। जिसको देखते हुए मन्दिर संस्थान प्रांगण में रातिजोगा का आयोजन किया गया। जहां बैठकर हजारों श्रद्धालुओं ने माँ के नाम रात्रि जागरण दिया। लोगों ने संस्थान का आभार जताया।

# जोधपुर में अतिरिक्त जिला कलैक्टर शहर सिसोदिया ने कार्य संभाला



राजेंद्र सिंह सिसोदिया

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) जोधपुर का कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सिसोदिया ने जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। सिसोदिया इससे पूर्व कार्यकारी निदेशक राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड जयपुर के पद पर पदस्थापित थे।

पूर्व में सिसोदिया सहायक कलेक्टर जालौर, एसडीएम जालोर, सुमेरपुर, किशनगढ, सहायक भू प्रबंध अधिकारी (मुख्यालय) जयपुर, उपनिदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड जयपुर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजमेर, राजसमंद व उदयपुर के पद पर भी पदस्थापित रहे हैं।

# 'कौमी एकता बनी रहे'

**गुडामालानी**, (निसं)। पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन पर गुडामालानी मुख्यालय पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी त्योहार पर जुलूस निकाला गया। उसके बाद दरगाह परिसर में मुस्लिम समाज बन्धुओं द्वारा कौमी एकता कि बैठक आयोजित हुई।

जिसमें राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड,पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी,पुर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, हाजी रमजान खान, हीरालाल चौहान,सदर जफर खान कोटवाल के सानिध्य में आयोजित हुई। रमजान खान कोटवाल ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे अहिंसा सर्किल चोराया से जुलूस रवाना होते हुए दादा अमीरुद्दीन हैदर कि दरगाह पर पहुंचा। कौमी एकता बैठक में राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि हमारे क्षेत्र में ऐसे ही कोमी एकता बननी रहे। हम सब मिलकर एकता ओर अखंडता तो बनाए रखने कि बात कही। पुर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा ने कहा कि आज समय शिक्षा का है ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाने कि बात कही । कार्यक्रम में आस पास गांवों एवं मुस्लिम भाई उपस्थित रहे।

# बालोतरा में स्वच्छता कार्यक्रम का प्रसारण



स्वच्छता ही सेवा 2024 का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम बालोतरा पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा 2024 जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम मंगलवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपराष्टपति जगदीप धनखड ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से "स्वच्छता ही सेवा -2024' अभियान के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने स्वच्छता में सफाईकर्मियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उपराष्टपति ने कहा हमें उनका बहुत सम्मान करना चाहिए। सही मायनों में वे एक बहुत ही गंभीर कार्य में लगे हुए हैं जो न केवल समाज के लिए बल्कि पूरे ग्रह के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर नानूराम सैनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वाकांराम चौधरी, नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, आयुक्त मघराज डूडी, विकास अधिकारी हीराराम कलबी समेत प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधी, स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे।

## राजेन्द्र नगर विद्यालय का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। प्रखर राजस्थान अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर की सहायक निदेशक विद्या कन्नोजिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर जालोर का आकस्मिक एवं सघन निरीक्षण किया।

सहायक निदेशक विद्या कन्नोजिया ने रीड-ए-थॉन कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों में पठन कौशल व रूचि विकसित करने के निमित्त आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के उद्देश्य के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने छात्रों से कक्षा-कक्ष एवं पुस्तकालय में विद्यार्थियों से पठन करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रशंसा कर उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। सहायक निदेशक ने निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, पुस्तकालय और वर्कबुक के संधारित रिकॉर्ड का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

जिला शिक्षाधिकारी भैराराम चौधरी, प्रधानाचार्य वचनाराम राठौड़, उप प्रधानाचार्य खीमसिंह राठौड़, अंशु वशिष्ठ, अरूण अवस्थी, कृष्ण कुमार, फुटराराम गर्ग, पृथ्वीराज शर्मा, शमशुल हक खां, भाग्यवंती परमार, प्रियंका तिवारी सहित कार्मिक उपस्थित रहे।

# 'हाइफा डे' 23 को मनाएंगे



हाइफा डे महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल चौपासनी में समारोह पूर्वक आयोजित होगा।

**जोधपुर**, (कासं)। 106 वां हाइफा डे सोमवार 23 सितम्बर को शाम 6.15 बजे चौपासनी शिक्षा समिति के तत्वाधान में महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल चौपासनी में समारोह पूर्वक आयोजित होगा।

चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह ने बताया कि समारोह मुख्य संरक्षक पूर्व महाराजा गज सिंह के मुख्य अतिथि में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि अवसर पर ब्रिगेडियर महेंद्र सिंह जोधा द्वारा हाईफा युद्ध विजय में जोधपुर लांसर के शौर्य व वीरता पूर्ण भूमिका के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अवसर पर टैटू शो का आयोजन भी होगा। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा हाइफा हीरोज को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

समारोह में चौपासनी शिक्षा समिति जनरल काउंसिल के सदस्य, सैन्य अधिकारी, पूर्व सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक व विद्यालयों के शिक्षक व छात्र शरीक होंगे। समारोह में महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल के कमांडेंट कर्नल जयदेव सिंह राठौड द्वारा आभार व्यक्त किया जाएगा।

## गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया

**बालोतरा**, (निसं)। जीनगर समाज द्वारा नेहरू कॉलोनी वृंदावन मार्ग पर गणपति युवा मंडल ने 11 दिनों तक धूमधाम से गणपति उत्सव मनाया। महेंद्र सोनगरा ने बताया कि भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित कर पूरे भक्ति भाव से विदा किया गया। विसर्जन कार्यक्रम गाजे-बाजे के साथ बडे उत्साह से सम्पन्न हुआ। हितेश सोनगरा ने बताया कि गणपति उत्सव के दौरान समाज के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सेवा और भक्ति कार्य किए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना को बल मिलता है। हितेश ने यह भी उल्लेख किया कि पूरे 11 दिनों तक गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की।युवा कार्यकर्ता पिंटू तंवर के अनुसार समाज के सभी सदस्यों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया और सेवा की। गोपाल सोनगरा ने बताया कि इस गणपति उत्सव में समाज के सभी वर्गो का सक्रिय सहयोग मिला।

गोपाल सोनगरा ने बताया कि गाजे-बाजे के साथ भक्तों ने गणपति बप्पा को विदा किया। पुरुषोत्तम चौहान, हरीश सोनगरा, मदन गोयल, देवीलाल चौहान, दिलीप गोयल, दिलीप भाटी, मनोज चौहान आदि उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा मंदिर में धर्मसभा आयोजित

**पोकरण**, (निसं)। फलसूंड ग्राम में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में मंगलवार को पूजन व धर्मसभा हुई।

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज मुख्य अतिथि थे। मंदिर परिसर में विधि विधान से विद्वान पंडित आचार्य के सानिध्य में पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि व मानव कल्याण की प्रार्थना की गई। विधायक ने कहा कि राजस्थान देवों की भूमि रही है। लोक देवता जनमानस में आस्था का केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान स्वामी जी की ढाणी के महंत रावलपुरी महाराज ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान विश्वकर्मा संस्थान फलसूंड के अध्यक्ष सवाईराम कुलरिया व समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा संतो का स्वागत किया गया। सुथार समाज की मांग पर विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने एमएलए मद से मंदिर जीणोद्धार के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि आगे भी समाज के सार्वजनिक कार्यों के लिए हमेशा आपके साथ खडा रहूंगा।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सवाई राम कुलरिया, उपाध्यक्ष किरताराम कुलरिया, सचिव बाबूलाल बुढड, कोषाध्यक्ष रतनाराम भद्रेचा, समाजसेवी भामाशाह नरपतराम कुलरिया, धनाराम जोपिंग,भगाराम कुलरिया, रूपाराम बुढड, बागाराम कुलरिया, राणाराम कुलरिया, चेनाराम कुलरिया, तेजाराम सलूण, जियाराम कुलरिया,बाबूराम कुलरिया, लूणाराम कुलरिया, बजरंग कुलरिया सहित कई जने उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज ने 75 यूनिट रक्तदान किया, जुलूस निकाला

**जालोर**, (कासं)। जिलेभर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी के पर्व को लेकर जालोर के शाही जामा मस्जिद के वसी मैदान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर मुस्लिम समाज की और से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

वही जामा मस्जिद के वसी मैदान में करीब तीन घंटे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर प्रभारी महबूब खान मुल्तानी ने बताया कि शिविर में मुस्लिम समाज के 75 लोगों ने रक्तदान किया। ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर आयोजित रक्तदान शिविर में मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह नजर आया। ईद मिलादुन्नबी का पर्व विश्व अमन दिवस के रूप मनाया जाता है। हजरत मोहम्मद साबह ने हमेशा इंसान की भलाई करने, मुसीबत मे साथ देना, गरीब, असहाय की हमेशा मदद करने का पैगाम दिया। मौका दीजिए अपने खून को किसी की रगो में बहने का रक्तदान ही लाजवाब तरीका है।

मुस्लिम समाज के लोगों ने इस अमन दिवस पर बढ चढकर रक्तदान किया। इस पाक मकूदस पर्व पर रक्तदान करने वालों मे उत्साह देखा गया। रक्तदान कई लोगों की जिंदगी बचाता है रक्तदान करने से लोगों को नहीं घबराना चाहिए। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली टीम मेहबूब खान,आसिफ खोखर, नाहिद अली, मोहजिद मलिक, शाहरुख मेहर, इखलास मेहर, मुस्ताक मेहर, नाहिद अली, मोहसीन का मुस्लिम समाज द्वारा इस्तकबाल किया गया।



जालोर के जामा मस्जिद मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

रक्तदान शिविर में रक्तदान करने पर मुस्लिम समाज ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया रक्तदान शिविर में राजकीय चिकित्सालय के डॉ. जगदीश विश्नोई, प्रवीण सिंघल,लक्ष्मण राम, मनीष खाखल, सुरेश कुमार गर्ग,मुकेश दहिया, सुरेश मीणा, जावेद जोया, शहजाद खान, रमजान खान, गुलजार अली,शकील अहमद का सहयोग रहा।

इस दौरान जामा मस्जिद सदर शोहराब खान,तहसीलदार हातिम मंडोरी, अयुब खान गहलोत,फिरोज खान हब्सी, रुस्तम खोखर, मौलाना सत्तार नूरी, शहजाद हब्शी जाहिद हुसैन, रिजवान अंसारी, हिदायत अली, नदीम अली, मोहसिन पठान, अदनान, समदर. खोखर, नाहिद अली मारसा, सतार जोया, मुसरफ अली, शौकीन, रफीक लोहार सहित काफी संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

वही जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस कमेटी जालोर की ओर से 12 रबी उल अव्वल पर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में मुस्लिम समाज की और से जुलूस ए मोहम्मदी में काफी उत्साह देखा गया। ईद मिलादुन्नबी के पर्व को लेकर सवेरे से अपने घरों से सज धज कर मोमिन जुलूस मे शिरकत करने दरगाह गैबनशाह गाजी पहुंचे। जहां से हजरत मोहम्मद स.अ.स. की पैदाइश के मौके पर जुलूस बडी शान और शौकत के साथ रवाना हुआ।

जुलूस कमेटी के सदर शौकत खान लोहार ने जुलूस सवेरे 11 बजे दरगाह से रवाना किया गया। जुलूस मे हाथी धोडे के साथ आका की आमद की खुशी में मोमिन झुमते नजर आये। जुलूस में मोमिन आशिके रसूल में नजर आये। जुलूस शहर के मुख्य मार्ग से होता हुआ जामा मस्जिद के वसी मैदान पहुंचा। जामा मस्जिद के वसी मैदान में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मिलाद शरीफ में कबिला हरियाणा मेवात के मौलाना मुफ्ती मोहम्मद ईशहाक ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि जब हजरत मोहम्मद साहब तशरीफ लाये। उस समय जुल्म व सितम ज्यादा था। उन्होंने इस उस समय दुनिया में अमन चैन, शांति व भाईचारा का संदेश दिया। उन्होंने मोमिनो को आका ए रसूल के बताये रास्ते पर चलाने की नसीहत दी। इससे पूर्व पाली के मौलाना तोफिक रजा ने नातिया कलाम के नग्मे गुनगुना कर आका ए रसूल के रंग में रंग दिया। वही मिलाद शरीफ के बाद देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई।

### मुन्ना महाराज ने की पानी की व्यवस्था

सूरज पोल के बाहर स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर के मुन्ना महाराज व उनके शिष्य द्वारा सूरज पोल के बाहर ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान पानी की व्यवस्था कर कौमी एकता की मिसाल पेश की।

## लाभार्थियों को पूर्ण आवासों की चाबी सौंपी

**पोकरण**, (निसं)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मंगलवार को पंचायत समिति सांकडा, भणियाणा व नाचना में आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

लाभार्थियों को आवास स्वीकृत के प्रमाण पत्र सौंप गए। ।थम किस्त लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की गई। जिन लाभार्थियों के आवास पूर्ण हुए उनको चाबी सौंपी गई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की कोई भी पात्र परिवार बिना छत के नहीं रहे इसके लिए केंद्र सरकार की समस्त योजनाओं का जमीनी धरातल पर क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। पंचायत समिति सांकडा व भणियाणा के विकास अधिकारी नरपतसिंह भाटी ने बताया कि पंचायत समिति सांकडा में 278 नई स्वीकृति जारी की गई जिसमे 258 लाभार्थियों को प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई। भणियाणा में 537 नई स्वीकृति जारी की गई। 507 लाभार्थियों को प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई। पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड, प्रधान भगवत सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष महेश कडवासरा, मुकेश शर्मा, भंवर चौधरी, महिपाल सिंह, खुशाल सोनी, जिला परिषद सदस्य उत्तम सिंह बोडाना, एसडीएम प्रभजोत सिंह गिल, बीडीओ नरपत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सफाई व श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया



नगर परिषद् क्षेत्र जालोर में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर कई गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। नगर परिषद् क्षेत्र जालोर में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" की थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नगरपरिषद जालोर द्वारा "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" अभियान के तहत मंगलवार को जालोर क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे द्वारा जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजन को "स्वच्छता ही सेवा" की शपथ दिलाई गई। शपथ के उपरांत जालोर क्लब सड़क एवं आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया।

उन्होंने सभी से शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने एवं इसे दैनिक जीवन में स्वभाव के तौर पर अपनाए जाने के लिए प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख राजेश कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, सहायक अभियंता कुलवंत कालमा, गिरीश माथुर, छगन मीणा, युनूस खां सहित परिषद कार्मिक सहित कई जन उपस्थित रहे।

